फर्द अहकाम

दुर्गालाल बनाम सरकार जरिये तहसीलदार

नाम न्यायालय – उपखण्ड अधिकारी फागी

केस संख्या :– 76/2024

क्र.सं.	दिनांक आज्ञा या कार्यवाही	आज्ञा विस्तृत रुप से	विशेष विवरण
	26.06.2024	यह प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट के तहत प्रार्थी दुर्गालाल पुत्र हरिराम गुर्जर नि0 लसाडिया तह0 फागी जिला जयपुर हाल जिला दूदू द्वारा प्रस्तुत किया गया है। प्रार्थी ने बताया की वाके ग्राम लसाडिया के खाता सं0 146, 147 मे मेरे पिता का नाम हरिप्रसाद पुत्र जग्गा अंकित है जबकि उनके समस्त दस्तावेजात मे हरिराम पुत्र जग्गा अंकित है। मेरे पिताजी की मृत्यु पुर्व मे दिनांक 19.08.2022 को हो चुकी है। प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया। उक्त के सम्बन्ध मे उपतहसीलदार निमेडा ने अपने जबाब मे बताया की हरिप्रसाद पुत्र जग्गा व हरिराम पुत्र जग्गा एक ही व्यक्ति है। जिसकी मृत्यु हो चुकी है। जो कि प्रार्थी के पिता को जरिये विरासत नामान्तकरण सं0 237 द्वारा प्राप्त हुई है। पत्रावली का अवलोकन किया गया। अवलोकन करने पर पाया की मुताबिक तहसीलदार रिपोर्ट हरिप्रसाद पुत्र जग्गा व हरिराम पुत्र जग्गा एक ही व्यक्ति है। प्रार्थी अपने पिता का नाम राजस्व रिकार्ड मे हरिप्रसाद के स्थान पर हरिराम दुरुस्त करवाना चाहता है। जो कि हरिप्रसाद पुत्र जग्गा व हरिराम पुत्र जग्गा एक ही व्यक्ति होने के कारण दुरुस्त किया जाना न्यायोचित प्रतीत होता हैं। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 136 एल0आर0एक्ट स्वीकार किया जाकर खाता सं0 146, 147 वाके ग्राम लसाडिया तहसील फागी जिला दूदू स्थित आराजी के वर्तमान राजस्व रिकार्ड मे अंकन हरिप्रसाद पुत्र जग्गा के स्थान पर हरिराम पुत्र जग्गा दुरुस्त किये जाने के आदेश तहसीलदार फागी को दिये जाते है। पत्रावली फैसल शुमार होकर दर्ज नम्बर से कम हो दाखिल दफतर रहे। 26/6/24 उपखण्ड अधिकारी फागी,जिला–दूदू	